HAS (Mains) - 2021

This question paper contains 2 printed pages]

Roll Number

ASME-21-HLIT-(I)

हिंदी साहित्य (पेपर-I)

निर्धारित समय : 3 घंटे] [अधिकतम अंक : 100

प्रश्न पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें।

1. इस प्रश्नपत्र में कुल **आठ** प्रश्न हैं जो हिंदी में छपे हैं।
2. प्रश्न संख्या 1 का उत्तर देना अनिवार्य है। शेष सात प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए।
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का विभाजन प्रत्येक प्रश्न/प्रश्न के भाग के सामने इंगित किया गया है। उत्तर स्पष्ट लिखावट में लिखिए। प्रश्न का उत्तर पूछे गए क्रम के अनुसार ही दीजिए।
4. प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं है, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काट दीजिए।
5. उत्तर-पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन/पुनः जाँच की अनुमति नहीं है।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** विषयों पर टिप्पणी लिखिए : 10+10=20

(क) भोजपुरी की व्याकरणिक विशेषताएँ

(ख) बिहारी के काव्य में अनुभाव-विधान

(ग) साठोत्तरी कहानी

(घ) उपन्यास और यथार्थवाद का संबंध।

2. रीतिकालीन कविता में प्रयुक्त ब्रजभाषा के वैशिष्ट्य का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 20

3. देवनागरी लिपि के मानवीकरण के लिए किए गए प्रयासों का पुनरावलोकन करते हुए केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा स्वीकृत मानक रूप का परिचय दीजिए। 20

4. "आदिकाल में भावी हिंदी भाषा और उसके काव्यरूप अंकुरित हुए हैं"—सिद्ध कीजिए। 20

5. "मीरां के काव्य में बंधनग्रस्त मध्यकालीन नारी मन की अभिव्यक्ति है"—इस कथन पर विचार कीजिए। 20

6. 'भारतेन्दु की कविता में परंपरा और आधुनिकता' विषय पर निबंध लिखिए। 20

7. "नयी कविता 'प्रयोगवाद' की विकसित अवस्था है"— इस कथन पर अपने मत का तर्कसंगत प्रतिपादन कीजिए। 20

8. "जैनेन्द्र कुमार स्त्री की सामाजिक स्थिति और नियति के लेखक हैं"— इस कथन के संदर्भ में जैनेन्द्र कुमार के उपन्यासों का विवेचन कीजिए। 20